एक नजर

राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने वर्चुअल माध्यम से 3.55 करोड़ की लागत से बने निबंधन विभाग के नए भवन का लोकार्पण

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर में निबंधन विभाग के नवनिर्मित भवन का गुरुवार को लोकार्पण किया गया। स्टांप न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल ने वर्चुअल माध्यम से सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय एवं उप निबंधक सदर अकबरपुर के नए भवन का उद्घाटन किया। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड यूपीआरएनएसएस की ओर से निर्मित इस भवन पर 3 करोड़ 55 लाख 76 हजार रुपये की लागत आई है।नवनिर्मित भवन में निबंधन विभाग के कार्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध कराया गया है। इससे विभागीय कामकाज के संचालन में सहूलियत मिलने के साथ ही जमीन एवं संपत्ति के पंजीकरण सहित अन्य कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भी बेहतर वातावरण मिल सकेगा। भवन का निर्माण विभागीय आवश्यकताओं और नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर कराया गया है।लोकार्पण समारोह में विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडेय तथा जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा साधु वर्मा मौजूद रहे।

त्योहारों को लेकर अलर्ट हुई पुलिस, बाजारों और सर्राफ प्रतिष्ठानों पर सघन चेकिंग

अंबेडकरनगर। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस टीमें प्रमुख बाजारों सर्राफ प्रतिष्ठानों भीड़भाड़ वाले स्थानोंए चौराहों और संवेदनशील इलाकों में लगातार भ्रमण कर सघन चेकिंग अभियान चला रही हैं।अभियान के दौरान पुलिसकर्मी संदिग्ध व्यक्तियोंए वाहनों और वस्तुओं की जांच कर रहे हैं। बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर मातहतों को आवश्यक दिशा.निर्देश दे रहे हैं।पुलिस टीमों ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति वस्तु या असामान्य गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस ने लोगों को भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक ने त्योहारों को शांति सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या डायल.112 पर देने को कहा है। पुलिस का कहना है कि अपराध और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

देर शाम तक गुलजार रहे कस्बे

बाराबंकी। धनतेरस के पर्व पर विकासखंड निंदूरा क्षेत्र के टिकैतगंज, कुर्सी, बाबागंज और निंदूरा कस्बे के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। सुबह से ही दीपावली की खरीदारी के लिए बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण और पूजा सामग्री की दुकानों पर विशेष चहल-पहल रही। हमारे प्रतिनिधि अमित गुप्ता के अनुसार निंदूरा विकासखंड क्षेत्र में धनतेरस पर शुभ खरीदारी की परंपरा के चलते लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार जमकर खरीदारी की। किसी ने नए बर्तन खरीदे तो किसी ने सोने-चांदी के आभूषण और चांदी के सिक्के खरीदे। वहीं झाड़ू, खड़ी धनिया, कौड़ी और गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही।कई दुकानों पर ग्राहकों का जमावड़ा ऐसा रहा कि पैर रखने तक की जगह नहीं बची। दुकानदार देर शाम तक ग्राहकों को सामान देने में व्यस्त रहे। कुल मिलाकर धनतेरस पर कस्बाई बाजारों में त्योहार का उत्साह और खरीदारी की रौनक देखते ही बनी।

मुकदमा दर्ज

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों ने एक व्यक्ति की जेब काटकर एक लाख रुपये पार कर दिए। घटना गुरुवार दोपहर करीब दो बजे टिकैतगंज के आगे साईं हॉस्पिटल के पास की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कुर्सी कस्बे के काजीपुरा निवासी सुरेश चंद्र ने पुलिस को बताया कि वह कुत्ते के काटने का इंजेक्शन लगवाने घुंघटेर सीएचसी जा रहे थे। रास्ते में साईं हॉस्पिटल के पास बिना नंबर प्लेट की बाइक से आए दो युवकों ने एक युवक को आगे तक बैठाने का अनुरोध किया। उन्होंने एक युवक को अपनी बाइक पर बैठा लिया। आरोप है कि इसी दौरान पीछे बैठे दूसरे युवक ने उनकी पैंट की जेब पर चटाई रखकर जेब काट ली और उसमें रखे एक लाख रुपये निकाल लिए। दोनों युवक कटकिनपुरवा के पास उतरकर अपनी बाइक से टिकैतगंज की ओर चले गए। कुछ देर बाद सुरेश चंद्र को रुपये गायब होने की जानकारी हुई। उन्होंने पांच नवंबर को कुर्सी थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदर्शन सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

राज्य स्तर पर दिखाएंगे प्रतिभा

बाराबंकी। मेरा युवा भारत एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में श्री गंगा मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, पैसार में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग-2027 के तहत जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित हुई। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर युवाओं ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि सीडीओ पंकज वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।प्रतियोगिता में ऋषभ देशमुख ने प्रथम, जय गुप्ता ने द्वितीय और अनंत मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेताओं को समापन समारोह में हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने स्मृति चिह्न, मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अब विजेता राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

पात्र युवा व महिलाओं का शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण कराने के निर्देश

बाराबंकी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 के तहत जिले के सभी पात्र युवा और महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'नो एलिजिबल वोटर लेफ्ट' की अवधारणा के तहत कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए।

डीएम ने उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, युवा कल्याण, एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउट-गाइड और नेहरू युवा केंद्र को स्कूल-कॉलेजों व ग्रामीण क्षेत्रों में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को चिह्नित कर उनका पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं।

इसके लिए वालंटियर्स की मदद ली जाएगी।वहीं, पात्र महिलाओं के पंजीकरण के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा, एएनएम और स्वयं सहायता समूहों की समूह सखियों का सहयोग लिया जाएगा। संबंधित विभागों को प्रारूप-6 भरवाकर पंजीकरण कराने और इसकी रिपोर्ट सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

आधार सेवा केंद्र पर मिलेंगी नामांकन व अपडेट की सुविधाएं, घर पर भी होगी सेवा

बाराबंकी। न्यू पालिका बाजार स्थित ड्ड्ड्ड आधार सेवा केंद्र पर नागरिकों को आधार नामांकन और संशोधन की विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। केंद्र पर सभी आयु वर्ग के लोगों का नया आधार कार्ड नि:शुल्क बनाया जा रहा है। वहीं 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट भी मुफ्त किया जा रहा है।

केंद्र पर नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ई-मेल और पते में संशोधन के लिए 75 रुपये तथा फोटो, फिंगरप्रिंट और आइरिस अपडेट के लिए 125 रुपये शुल्क निर्धारित है। रंगीन ए-4 शीट पर आधार प्रिंट की सुविधा 40 रुपये में उपलब्ध है।

केंद्र पर दिव्यांगजनों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, विद्यार्थियों और बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है। बीमारी या वृद्धावस्था के कारण केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ लोगों को विशेष अनुरोध पर घर जाकर आधार नामांकन और बायोमेट्रिक अपडेट की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अलावा मांग के अनुसार विभिन्न स्थानों पर आधार शिविर भी लगाए जाते हैं।

आधार सेवाओं का लाभ लेने के लिए नागरिक शॉप नंबर-62, न्यू पालिका बाजार, बेगमगंज रोड, बिपिन करमाला नेहरू पार्क के निकट स्थित आधार सेवा केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9453000573 पर संपर्क किया जा सकता है।

हार्ट अटैक से आरक्षी आदित्य श्रीवास्तव का निधन

गोण्डा। उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात धानेपुर निवासी आरक्षी आदित्य श्रीवास्तव का गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं धानेपुर कस्बे सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जवान के निधन से पुलिस महकमे में भी शोक व्याप्त है।मिली जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत धानेपुर निवासी आदित्य श्रीवास्तव वर्ष 2020 बैच के सिपाही थे। वर्तमान में उनकी तैनाती देवरिया जिला पुलिस लाइन स्थित सीओ कार्यालय में थी। गुरुवार को अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।आदित्य अभी अविवाहित थे। परिवार में उनकी मां और दो भाई हैं। जवान के असामयिक निधन की सूचना मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में शोक छा गया। शुक्रवार सुबह परिजन पार्थिव शरीर लेने के लिए देवरिया रवाना हो गए। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर धानेपुर स्थित पैतृक आवास लाया जाना था।

खसरा बनाने के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप सहयोगी के खाते में मंगा रुपये

गोण्डा। तरबगंज तहसील में भूमि का खसरा बनाने के नाम पर लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है। नगर पंचायत तरबगंज निवासी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। उनका दावा है कि कथित लेन-देन से जुड़े स्क्रीनशॉट उनके पास मौजूद हैं। वहीं एसडीएम सविता शुक्ला ने कहा है कि अभी तक उनके पास इस संबंध में कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।घनश्याम जायसवाल के मुताबिक, वह घर पर छह गाय पालते हैं और गोवंश के चारे के लिए खेती करते हैं। बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाने के लिए उन्हें खेत का खसरा और खतौनी की आवश्यकता थी। इसी सिलसिले में वह संबंधित लेखपाल के पास पहुंचे थे।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि लेखपाल ने खसरा बनाने के लिए पहले दो हजार रुपये की मांग की। असमर्थता जताने पर खसरा बनाने से इनकार कर दिया। घनश्याम जायसवाल ने बताया कि उस समय उनके पास पांच सौ रुपये थे, जिसे लेखपाल ने अपने सहयोगी को दिलवा दिया, लेकिन इसके बाद भी खसरा नहीं दिया गया।

त्योहार की तस्वीर पुश्तैनी कारोबार बचाने की जद्दोजहद में जुटे कुम्हार

कैसरगंज बहराइच। आधुनिकता की चकाचौंध और बाजार में रंग.बिरंगी चाइनीज झालरों की बढ़ती चमक के बीच दीपावली की सदियों पुरानी परंपरा कहीं न कहीं धुंधली पड़ती दिखाई दे रही है। कभी दीपावली का त्योहार कुम्हार के चाक पर तैयार होने वाले मिट्टी के दीयोंए दीपों और पारंपरिक फुलझड़ियों के बिना अधूरा माना जाता थाए लेकिन बदलते दौर में बिजली से जगमगाती झालरों और आकर्षक इलेक्ट्रॉनिक सजावट ने मिट्टी के दीपकों की जगह काफी हद तक ले ली है। दीपावली केवल घरों को रोशन करने का पर्व नहीं बल्कि अंधकार पर प्रकाश अज्ञान पर ज्ञान और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक रही है। भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने की खुशी में नगरवासियों द्वारा दीप जलाने की मान्यता से जुड़ा यह पर्व सदियों से मिट्टी के दीपकों की रोशनी के साथ मनाया जाता रहा है।

स्टालों पर प्रदर्शित उत्पादों की खरीदारी करके डीएम ने समूहों का किया उत्साहवर्धन



बहराइच। दीपावली त्योहार के शुभ अवसर पर विभाग निरीक्षण भवन के सम्मुख महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा आयोजित 02 दिवसीय स्वदेशी सरस मेले का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्वयं सहायता समूह की शुकन्तला के हाथों से फीता कटवाकर शुभारंभ कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया तथा महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों से उनके उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने मेले में लगाये गये स्टालों से खरीदारी करके स्वयं सहायता समूहों का उत्साहवर्धन किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित एवं स्वदेशी उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता, निर्माण प्रक्रिया, लागत तथा बिक्री व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वदेशी सरस मेला ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को अपनी प्रतिभा एवं हुनर प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान करता है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलता है तथा महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होता है।जिलाधिकारी ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समूहों से जुड़कर महिलाएं न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि परिवार एवं समाज के विकास में भी योगदान दे रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री एवं विपणन के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग एवं व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक बाजार मिल सके महिलाओं की आय में वृद्धि हो। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार सरस मेले का भ्रमण कर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करके महिला स्वय सहायता समूहों द्वारा उत्साहवर्धन करें।

10 नवंबर से चीनी मिल गेट पर होगा अनिश्चितकालीन महाधरना



बिसवां नगर (सीतापुर)। गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की मांग को लेकर शुक्रवार 6 नवंबर को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने तहसील बिसवां में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष मयंक चौहान के निर्देश पर तहसील अध्यक्ष शिवराज सिंह पटेल के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम बिसवां को ज्ञापन सौंपकर गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए कहा कि खेती-किसानी की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। खाद, बीज, डीजल, कीटनाशक और मजदूरी के दाम आसमान छू रहे हैं, लेकिन गन्ने के मूल्य में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो रही है। ऐसे में किसानों के सामने खेती की लागत निकालना भी मुश्किल होता जा रहा है और उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से यूनियन ने मांग की कि गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 600 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए

सूरत तक पहुंची पुलिस, दीपावली पर घर लौटे आरोपी को दबोचा

गोण्डा। तरबगंज पुलिस ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी तलाश में पुलिस टीम गुजरात के सूरत तक पहुंची थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर दीपावली पर घर लौट आया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नरायनपुर पुल के पास घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि थाना क्षेत्र की एक महिला ने आठ सितंबर को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री सात सितंबर को विद्यालय से घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में आरोपित ने उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की थी। मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान दुष्कर्म की धारा भी बढ़ाई गई।थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपित की तलाश में उपनिरीक्षक उपेन्द्र यादव पुलिस बल के साथ गुजरात के सूरत शहर गए थे। वहां डीडोली पुलिस स्टेशन में अपनी आमद दर्ज कराने के बाद उसकी तलाश की गई, लेकिन जानकारी मिली कि वह दीपावली के अवसर पर अपने घर लौट आया है। इसके बाद पुलिस टीम वापस गोंडा आ गई और उसकी तलाश में जुटी रही।इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने नरायनपुर पुल के पास घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखकर आरोपित ने भागने का प्रयास किया, लेकिन जवानों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक उपेन्द्र यादव और कांस्टेबल यशवंत यादव शामिल रहे।

मानक को दरकिनार कर हो रहा इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण

बेलहरा बाराबंकी। नगर पंचायत बेलहरा के वार्ड नंबर 11 सौरंगा में मजार के पीछे इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप लगा है। करीब 100 मीटर लंबी सड़क का निर्माण लगभग एक साल से चल रहा है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सड़क में बजरी की परत बिछाए बिना बालू के ऊपर ही इंटरलॉकिंग ईंटें लगाई जा रही हैं। इससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि बरसात में बालू बहने से ईंटें उखड़ सकती हैं और सड़क धंसने का खतरा है। विरोध के बावजूद ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से काम जारी रखने का आरोप है।

मतगणना में धांधली के आरोपों पर शिक्षकों का मौन मार्च



झंझरी गोण्डा गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना में कथित धांधली और अनियमितताओं के विरोध में गुरुवार को गोंडा में माध्यमिक शिक्षकों ने जिला अध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में मौन मार्च निकाला। शिक्षकों ने राष्ट्रपति एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। शिक्षकों ने विशेष रूप से चौथे राउंड में करीब 1600 मतों की फॉरेंसिक जांच कराने की मांग उठाई। उनका आरोप है कि मतगणना में एक ही स्याही का प्रयोग किया गया तथा राजीव यादव के कॉलम में अंक एक को चार में बदलने जैसी गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। शिक्षकों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। मंडलीय मंत्री अमित कुमार यादव ने वोट चोरी रोकने, जिला मंत्री धर्मेंद्र कुमार यादव ने लोकतंत्र बचाने तथा चुनाव प्रभारी विशाल श्रीवास्तव ने मतगणना में कथित धांधली की जांच कराने की मांग उठाई। अटेवा जिलाध्यक्ष अमर यादव और राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री अजीत सिंह ने भी अनियमितताओं पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रधानाचार्य परिषद के जिला मंत्री सहदेव सिंह ने मार्च का समर्थन किया। मौन मार्च में जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ मित्र, राजेश राणा, सच्चिदानंद यादव, पीतांबर कुमार, किशोरी लाल, महेश चंद्र वर्मा, वकील अहमद, मुइनुद्दीन खां, अनुराधा गुप्ता, विवेक श्रीवास्तव सहित सैकड़ों शिक्षक शामिल रहे। मार्च का कवरेज जिला मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट राहुल यादव ने किया।

पारंपरिक खानपान से मिटेगा कुपोषण, 250 माताओं व बच्चों को मिला पोषण का उपहार



गोण्डा। जिले में 'परंपरा से पोषण' और 'पोषण पाठशाला' का शुभारंभ, मंडल के 10,842 कुपोषित बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य पारंपरिक खानपान को फिर से बढ़ावा देकर माताओं और बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने की दिशा में देवीपाटन मंडल में अभिनव पहल शुरू की गई है। दीपावली की तैयारियों के बीच शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में 'परंपरा से पोषण' एवं 'पोषण पाठशाला' अभियान का शुभारंभ किया गया। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में 250 कुपोषित माताओं एवं बच्चों को पोषण सामग्री वितरित की गई। इस पहल को लागू करने वाला गोंडा मंडल का पहला जिला बना है।मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की परिकल्पना से शुरू इस अभियान का उद्देश्य गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती में मातृ एवं शिशु कुपोषण की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटना है। मंडल के चारों जिलों में कुल 10,842 बच्चों को गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) अथवा मध्यम तीव्र कुपोषण (एमएएम) से प्रभावित के रूप में चिह्नित किया गया है। अभियान के तहत इन सभी बच्चों और उनके परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि जनपद में वर्तमान में 223 बच्चे गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) तथा 889 बच्चे मध्यम तीव्र कुपोषण (एमएएम) की श्रेणी में चिह्नित हैं। पहले चरण में 250 माताओं एवं बच्चों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराई गई है। **पारंपरिक रसोई बनेगी पोषण का आधार**अभियान के तहत माताओं को पारंपरिक लोहे की कड़ाही भेंट की गई। अधिकारियों के अनुसार, लोहे की कड़ाही में भोजन पकाने से उसमें आयरन की मात्रा बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इससे शरीर में आयरन की कमी और एनीमिया से बचाव के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।लाभार्थी परिवारों को गुड़, भुना चना और सत्तू भी वितरित किया गया। ये खाद्य पदार्थ स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होने के साथ किफायती और पौष्टिक भी हैं। इसके अतिरिक्त कैल्शियम तथा ओआरएस-जिंक के पैकेट दिए गए। माताओं और बच्चों की पोषण संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फोर्टिफाइड टेक होम राशन के रूप में पौष्टिक मिश्रण भी उपलब्ध कराया गया। **वितरण के साथ स्वास्थ्य की नियमित निगरानी**' परंपरा से पोषण' अभियान केवल पोषण सामग्री वितरण तक सीमित नहीं रहेगा। इसके तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक माता और बच्चे की प्रगति पर नजर रखेंगी, जबकि आशा कार्यकर्ताओं द्वारा नियमित रूप से घरों का भ्रमण किया जाएगा। बच्चों के वजन, वृद्धि और हीमोग्लोबिन स्तर की समय-समय पर जांच कर स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति का आकलन किया जाएगा।मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि देवीपाटन मंडल का स्वस्थ भविष्य उसकी माताओं और बच्चों से शुरू होता है। 'परंपरा से पोषण' हमारी पारंपरिक ज्ञान परंपरा और सरकारी व्यवस्था की पहुंच को एक साथ जोड़ने का प्रयास है।

एक नजर

धनतेरस पर बाजारों में सजी दुकानें

गिरंट बाजार श्रावस्ती। धनतेरस के मौके पर गिरंट बाजार में शुक्रवार को ग्राहकों की खरीददारी को लेकर बर्तन, सर्राफा गणेश लक्ष्मी की मूर्ति खिलौने आदि की खरीददारी को लेकर भारी भीड़ दुकानों में जुटी रही। दुकानों पर काफी भीड़ खरीददारी करते हुए महिलाएं पुरुष बच्चों के साथ खरीददारी कर रही थी । दीपावली का त्यौहार रविवार को अमावस्या के दिन मनाया जाएगा जिसके दो दिन पूर्व शुक्रवार को धनतेरस में बर्तन चांदी सिक्का गणेश लक्ष्मी बर्तन मिट्टी खिलौना प्लास्टिक खिलौना आदि की खरीददारी को लेकर नगर में महिलाएं बच्चों व परिवार के साथ की जा रही थी । इस दौरान बर्तन में स्टील फुल तांबा एवं चांदी के सिक्के गणेश लक्ष्मी कछुआ की खरीददारी की जा रही थी । किराने की दुकानों पर धूप अगरबत्ती मोमबत्ती व इलेक्ट्रिक झालरों की खरीददारी की जा रही है ।

अज्ञात वाहन की टक्कर,मोटरसाइकिल सवार की मौत

श्रावस्ती। भिनगा-राजपुर मार्ग परअज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच में जुट गयी हैमिली जानकारी के अनुसार थाना सिरसिया क्षेत्र के बदलपुर गांव निवासी संतोष कुमार उम्र 28 वर्ष पिछले कुछ महीनों से जिला अस्पताल भिनगा में अंडर ट्रेनिंग के तहत सेवाएं दे रहे थे।वह अस्पताल के दवा काउंटर पर मरीजों को दवाएं वितरित करते थे। गुरुवार शाम करीब सात बजे ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे।भिनगा-राजपुर मार्ग पर अंटा से आगे जंगल के पास अंधेरे में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद संतोष सड़क किनारे गंभीर हालत में गिर पड़े, जबकि उनकी बाइक दूसरी तरफ जा गिरी।वाहन चालक मौके से फरार हो गया। काफी देर तक घायल अवस्था में पड़े रहने के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

संत टहल दास जी के सातवें परिनिर्वाण दिवस के मौके पर श्रद्धांजलि सभा व संत संगोष्ठी आयोजित

सीतापुर (सेउता)। कबीर आश्रम रेउसा में संत श्रद्धेय सुकृत साहेब (टहल दास जी) के सातवें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 5 नवंबर को एक भव्य श्रद्धांजलि सभा एवं संत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भारी संख्या में पहुंचे अनुयायियों व श्रद्धालुओं ने कबीर मठ में अपने आराध्य संत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह कबीर साहेब मठ में वैदिक व पारंपरिक रीति-नीति से वंदना और संत सुकृत साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पण के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर अपने गुरु और आराध्य को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही की धूमधाम से मनाई गई 30वीं वैवाहिक वर्षगांठ



हरगांव (सीतापुर)। हरगांव विधानसभा के विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने अपनी पत्नी निशा राही के साथ वैवाहिक जीवन के 30 वर्ष पूर्ण होने पर 30वीं शादी की सालगिरह हर्षोल्लास के साथ मनाई। जिला मुख्यालय सन्निकट उनके निज निवास पंचम पुरवा में आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों, शुभचिंतकों और इष्ट मित्रों सहित हजारों लोगों ने पहुंचकर दंपती को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समारोह में पहुंचे लोगों ने मंत्री सुरेश राही और उनकी पत्नी निशा राही को फूल-मालाएं पहनाकर तथा उपहार भेंटकर सम्मानित किया। सभी ने उनके सुखमय, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। अतिथियों के स्वागत एवं सत्कार के लिए चाय, नाश्ते और जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी। पूरे आयोजन के दौरान उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोगों ने संगीत का भी आनंद लिया। इस अवसर पर मंत्री सुरेश राही एवं उनकी पत्नी निशा राही संगीत मंच पर पहुंचे और समारोह में शामिल सभी अतिथियों, शुभचिंतकों तथा बधाई देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी के स्नेह, अपनत्व और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि लोगों का यह प्यार और विश्वास उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। दोपहर से लेकर शाम तक बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला लगातार चलता रहा।

नौ दिनों तक होंगे गौ पूजन एवं धार्मिक आयोजन

करनैलगंज, गोण्डा। करनैलगंज में पहली बार गौ माता को समर्पित गौ नवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। धर्म रक्षा सेतु सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित करनैलगंज की एकमात्र निराश्रित, दुर्घटनाग्रस्त एवं लाचार गोवंश की गौशाला श्री सिया जू कामधेनु गौ सेवा धाम में इस विशेष उत्सव का आयोजन किया जायेगा। गौ सेवा धाम के संस्थापक कनक बिहारी दास एवं विशाल कौशल ने बताया कि श्री अग्रमलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज द्वारा निर्देशित यह नौ दिवसीय उत्सव गोवर्धन पूजा से प्रारंभ होकर अक्षय नवमी तक चलेगा। उत्सव के प्रथम दिन विधि-विधान से गोवर्धन पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। इसके बाद लगातार नौ दिनों तक प्रतिदिन 21-21 गौभक्त परिवारों द्वारा गौ माता का पूजन, आरती एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किये जाएंगे। इस पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण 17 नवंबर, मंगलवार को गोपाष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाला द्वितीय श्री कामधेनु गौ आराधना महोत्सव होगा।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो युवक झुलसे, एक की दर्दनाक मौत

बिसवां नगर (सीतापुर)। बिसवां कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में कृषि कार्य के दौरान 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से झुलस गये। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीण आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिसवां लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, मोचकला गांव निवासी ठाकुर प्रसाद के खेत में शुक्रवार को ट्रैक्टर से जुताई के बाद मयाई का काम चल रहा था। ट्रैक्टर पर छतरी लगी हुई थी। खेत के ऊपर से 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन गुजर रही थी। इसी दौरान ट्रैक्टर की छतरी ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से टकरा गई। इससे ट्रैक्टर में करंट उतर आया और पास में काम कर रहे दो युवक उसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए।एक युवक की मौत, दूसरा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहाहादसे के बाद दोनों युवकों की चीख-पुकार सुनकर खेत में मौजूद लोग दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने तत्काल दोनों को ऑटो से सीएचसी बिसवां पहुंचाया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी पंकज कुमार यादव पुत्र स्व0 राधेश्याम, निवासी ग्राम व पोस्ट भूपतिपुर, जिला अम्बेडकर नगर उत्तर प्रदेश 224122 का मूल निवासी है। शपथी सेना संख्या 21000643॥ नायक पद पर सेवारत हूँ। शपथी के सैन्य अभिलेख में शपथी के पुत्री का नाम त्रुटिवश AKRITI YADAV अंकित है। जबकि शैक्षिक अभिलेख, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में नाम AKRITI YADAV(आकृति यादव) दर्ज है जो सही और सत्य है। अतः शैक्षिक अभिलेख,आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम को ही सत्य माना जाय।